पत्र सं०–6 एस०एस०(6)32/2012–1879/

**बिहार सरकार**

**डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग**

प्रेषक,

कुमार रवीन्द्र, बि०प्र०से०,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, (ले० एवं हक०) बिहार
वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

XX
अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

XX

द्वारा:– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

**विषय:– वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल रुपये 6306.90 लाख (तिरसठ करोड़ छः लाख नब्बे हजार) मात्र की अनुमानित लागत व्यय पर राज्य स्कीम अन्तर्गत पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना के तहत संविदा पर 58 एम्बुलेट्री वैन हेतु चालक एवं 589 डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान, गैर योजनात्मक योजना के तहत चालित पशु चिकित्सालयों/एम्बुलेट्री वैन का सुदृढ़ीकरण/संचालन तथा प्रशिक्षण, कान्फ्रेन्स, कार्यशाला एवं सेमिनार के आयोजन की स्कीम की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश सं०–1981, दिनांक–07.05.2025 एवं राज्यादेश संख्या–873, दिनांक–18.02.2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल रुपये 6306.90 लाख (तिरसठ करोड़ छः लाख नब्बे हजार) मात्र की अनुमानित लागत व्यय पर राज्य स्कीम अन्तर्गत पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना के तहत संविदा पर 58 एम्बुलेट्री वैन हेतु चालक एवं 589 डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान, गैर योजनात्मक योजना के तहत चालित पशु चिकित्सालयों/एम्बुलेट्री वैन का सुदृढ़ीकरण/संचालन तथा प्रशिक्षण, कान्फ्रेन्स, कार्यशाला एवं सेमिनार के आयोजन की स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्कीम का विस्तृत व्यय विवरणी–क, ख, ग एवं I, II एवं III के रूप में संलग्न है।

2) "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" का मुख्य उद्देश्य राज्य में पशु स्वास्थ्य सुविधाएँ यथा–पशु चिकित्सा, बधियाकरण एवं टीकाकरण की सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु एम्बुलेट्री वैन का परिचालन किया जाना है। इसके साथ ही पशु चिकित्सालयों को सुदृढ़ कर पशुपालकों के दरवाजे तक पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। निःशुल्क पशु टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए टीकौषधि का कोल्ड चेन संधारण करने हेतु जिलों में क्रय किये गये जेनरेटर सेटों का परिचालन किया जाना है। पशु चिकित्सा सेवा में संबद्ध

विभागीय Vet/Para Vet को पशु चिकित्सा सेवा के नवीनतम तकनीकी ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाना है तथा कान्फ्रेंस, कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया जाना है।

3) विभागीय राज्यादेश संख्या–3999, दिनांक–29.09.2011 द्वारा 589 डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवाएँ बेल्ट्रॉन से अथवा अन्य एजेन्सी से बेल्ट्रॉन दर पर लेने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका कार्यालयवार विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | पद का नाम | कार्यालय का नाम | पदों की सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | मुख्यालय हेतु | 15 |
| | | क्षेत्रीय कार्यालय हेतु | 08 |
| | | जिला कार्यालय हेतु | 29 |
| | | पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना हेतु | 02 |
| | | पशुपालन सूचना–प्रसार कार्यालय हेतु | 01 |
| | | प्रखंड कार्यालय हेतु | 534 |
| | | **योग :–** | **589** |

4) इस योजना के लिये वित्तीय वर्ष 2026–27 में संविदा पर नियोजित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं एम्बुलेट्री वैन के चालक का मानदेय भुगतान (व्यय विवरणी–I), पशु चिकित्सालयों/औषधालयों तथा एम्बुलेट्री वैन के सुदृढ़ीकरण एवं संचालन (व्यय विवरणी–II), Vet एवं Para Vet के प्रशिक्षण, प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य, कान्फ्रेंस, कार्यशाला एवं सेमिनार के आयोजन, योजनाओं के अनुश्रवण हेतु भाड़े की गाड़ी के उपयोग, योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार तथा इंडियन ट्रेड जर्नल में निविदा सूचनाओं के प्रकाशन के विरूद्ध भुगतान (बकाया राशि सहित) पर व्यय (व्यय विवरणी–III) किया जाना है।

5) वित्तीय वर्ष 2026–27 में इस योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य" के अन्तर्गत सभी घटकों यथा–सामान्य घटक, अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक तथा जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत आवश्यकतानुसार विभिन्न विपत्र कोडों एवं विषय शीर्षों में पर्याप्त योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध नहीं रहने के कारण अतिरिक्त राशि की व्यवस्था अनुपूरक आगणन के माध्यम से प्राप्त कर योजना कार्यान्वयन पर व्यय किया जायेगा। योजना अन्तर्गत व्यय को बजट उपबंध के अधीन सीमित रखा जायेगा।

6) वित्तीय वर्ष 2026–27 में योजना अन्तर्गत व्यय का विकलन निम्नांकित बजट शीर्ष के तहत विभिन्न विषय शीर्षो से किया जाना है–

(i) बजट मुख्य शीर्ष–2403 –पशुपालन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–101 –पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य, मांग सं०–02, उप शीर्ष–0101 –अस्पताल

औषधालय तथा अन्यान्य स्थापना, विपत्र कोड 02–2403001010101 (व्यय विवरणी–क संलग्न)।

(ii) बजट मुख्य शीर्ष–2403 –पशुपालन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–789 –अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, मांग सं०–02, उप शीर्ष–0111 –अस्पताल औषधालय तथा अन्यान्य स्थापना, विपत्र कोड 02–2403007890111 (व्यय विवरणी–ख संलग्न)।

(iii) बजट मुख्य शीर्ष–2403 –पशुपालन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–796 –जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, मांग सं०–02, उप शीर्ष–0130 –अस्पताल औषधालय तथा अन्यान्य स्थापना, विपत्र कोड 02–2403007960130 (व्यय विवरणी–ग संलग्न)।

7) योजना कार्यान्वयन के क्रम में व्यावहारिक कठिनाई आने की स्थिति में विभागीय स्तर से यथा आवश्यक आंशिक संशोधन किया जायेगा।

8) इस योजना के तहत स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/विशेष उप निदेशक (पशु विकास) फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना/मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी होंगे। निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना इसके सर्वोच्च निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

9) चूँकि यह चालू राज्य स्कीम है तथा इसे आगे भी चालू रखना नितान्त आवश्यक है। इसलिए बिहार कार्यपालिका नियमावली (संशोधन) 2007 के नियम–21 के अधीन चतुर्थ अनुसूची–'क' के उप नियम–4 एवं नियम–ग(2) में सन्निहित प्रावधान के आलोक में इस चालू स्कीम का पद सहित अवधि विस्तार की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6) 32/2012 के पृष्ठ–299/टि० एवं दिनांक–13.04.2026.

10) निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना इस स्कीम के सफल कार्यान्वयन एवं क्रियान्वयन हेतु पूर्णरूपेण जवाबदेह होगे। साथ ही स्कीम में स्वीकृत राशि का व्यय इसी वित्तीय वर्ष में कराना सुनिश्चित करायेंगे।

11) राज्यादेश प्रारूप में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है संचिका सं०–6 एस०एस०(6)32/2012 के पृ०–297/टि० तथा डायरी सं०–222, दिनांक–09.04.2026.

12) वित्त विभागीय पत्र संख्या–2561, दिनांक–17.04.1998 की कंडिका–2 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

13) वित्त विभाग के पत्रांक–7355 दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन,

(कुमार रवीन्द्र)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012–1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा) /योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012–1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012–1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार बिहार, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012–1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय बजट शाखा/पशुपालन निदेशालय के बजट शाखा/लेखा शाखा/योजना शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012– 1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012– 1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ महालेखाकार (ले० एवं प०) बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012– 1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी/विभागीय योजना शाखा–6 के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को अतिरिक्त पाँच प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)32/2012– 1879 /पटना–15, दिनांक–20/04/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/आई०टी० मैनेजर, कम्प्यूटर कोषांग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04

सरकार के संयुक्त सचिव

## व्यय विवरणी–"क"

वित्तीय वर्ष 2026–27 में "राज्य स्कीम" अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" पर होने वाले व्यय की मदवार व्यय विवरणी :–

**सामान्य घटक (02–2403001010101)**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र० सं० | विषय शीर्ष | प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 0101.1301 –कार्यालय व्यय | 27.60 | निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना / निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना / सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन / विशेष उप निदेशक (पशु विकास) फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना / सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना / मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर / सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना / सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| 2 | 0101.1302 –वाहन का ईंधन एवं रख रखाव | 136.32 | | |
| 3 | 0101.1303 –दूरभाष | 28.51 | | |
| 4 | 0101.1310 –भाड़े की गाड़ी का भुगतान | 30.00 | | |
| 5 | 0101.1601 –प्रकाशन एवं मुद्रण | 14.65 | | |
| 6 | 0101.2002 –कॉन्फ्रेंस, कार्यशाला, सेमिनार | 50.00 | | |
| 7 | 0101.2003 –प्रशिक्षण व्यय | 100.00 | | |
| 8 | 0101.2101 –सामग्री एवं पूर्तियाँ | 548.50 | | |
| 9 | 0101.2601 –विज्ञापन और प्रकाशन | 35.00 | | |
| 10 | 0101.2802 –संविदा सेवायें | 4141.45 | | |
| 11 | 0101.5201 –मशीनें एवं उपस्कर | 122.70 | | |
| | **कुल योग :–** | **5234.73** | | |

(रुपये बावन करोड़ चौंतीस लाख तिहत्तर हजार मात्र)

1879
20/04/26

सरकार के संयुक्त सचिव

 Typed by Sanjay Kumar

## व्यय विवरणी–''ख''

वित्तीय वर्ष 2026–27 में "राज्य स्कीम" अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" पर होने वाले व्यय की मदवार व्यय विवरणी :–

### अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक (02–2403007890111)

(राशि लाख रुपये में)

<table>
<tr><th>क्र० सं०</th><th>विषय शीर्ष</th><th>प्रस्तावित राशि</th><th>निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी</th><th>कोषागार का नाम</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td></tr>
<tr><td>1</td><td>0111.1301 –कार्यालय व्यय</td><td>20.30</td><td rowspan="6">निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना / निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना / विशेष उप निदेशक (पशु विकास) फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना / सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना / सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन / मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर / सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी।</td><td rowspan="6">सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना / सभी जिला कोषागार, बिहार।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>0111.1302 –वाहन का ईंधन एवं रख रखाव</td><td>56.10</td></tr>
<tr><td>3</td><td>0111.1601 –प्रकाशन एवं मुद्रण</td><td>39.00</td></tr>
<tr><td>4</td><td>0111.2003 –प्रशिक्षण व्यय</td><td>89.09</td></tr>
<tr><td>5</td><td>0111.2101 –सामग्री एवं पूर्तियाँ</td><td>753.00</td></tr>
<tr><td>6</td><td>0111.2601 –विज्ञापन और प्रकाशन</td><td>20.08</td></tr>
<tr><td colspan="2">कुल योग :–</td><td>977.57</td><td></td><td></td></tr>
</table>

(रुपये नौ करोड़ सतहत्तर लाख सन्तावन हजार मात्र)

1879
20/04/26

20/4

सरकार के संयुक्त सचिव

## व्यय विवरणी–"ग"

वित्तीय वर्ष 2026–27 में "राज्य स्कीम" अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" पर होने वाले व्यय की मदवार व्यय विवरणी :–

**जनजातीय क्षेत्र उपयोजना (02–2403007960130)**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र० सं० | विषय शीर्ष | प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1 | 0130.1301 –कार्यालय व्यय | 11.30 | निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/विशेष उप निदेशक (पशु विकास) फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/ मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/ सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| 2 | 0130.1302 –वाहन का ईंधन एवं रख रखाव | 1.50 | | |
| 3 | 0130.1601 –प्रकाशन एवं मुद्रण | 1.35 | | |
| 4 | 0130.2003 –प्रशिक्षण व्यय | 28.53 | | |
| 5 | 0130.2101 –सामग्री एवं पूर्तियाँ | 27.00 | | |
| 6 | 0130.2601 –विज्ञापन और प्रकाशन | 24.92 | | |
| | **कुल योग :–** | **94.60** | | |

(रुपये चौरानवे लाख साठ हजार मात्र)

| **व्यय का सारांश :–** | | |
|---|---|---|
| **क्र०सं०** | **व्यय विवरणी** | **राशि (लाख रुपये में)** |
| 1 | व्यय विवरणी–क | 5234.73 |
| 2 | व्यय विवरणी–ख | 977.57 |
| 3 | व्यय विवरणी–ग | 94.60 |
| | **कुल योग :–** | **6306.90** |

(रुपये तिरसठ करोड़ छः लाख नब्बे हजार मात्र)

1879
20/04/26

सरकार के संयुक्त सचिव

## व्यय विवरणी–I

वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" के तहत संविदा के आधार पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं एम्बुलेट्री वैन के चालक के मानदेय भुगतान पर होने वाले संभावित व्यय की विवरणी :–

(राशि लाख रुपये में)

| क्र0 सं0 | विषय शीर्ष का नाम | संविदा पर नियोजित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं एम्बुलेट्री वैन के चालक | प्रति इकाई मानदेय की राशि (अनुमानित, रुपये में) | पदों की संख्या | वर्त्तमान में कार्यरत | कुल प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 28 02 संविदा सेवाएँ। | (1) मुख्यालय स्तर पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान (बकाया राशि सहित)। | न्यूनतम रुपये 25,000/– से अधिकतम रुपये 60,597/– प्रतिमाह तक। | 15 | 15 | 116.42 | निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| | | (2) क्षेत्रीय स्तर डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान (बकाया राशि सहित)। | | 574 | 550 | 3,779.72 | सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | (3) एम्बुलेट्री वैन के चालकों का मानदेय भुगतान (बकाया राशि सहित) | न्यूनतम रुपये 25,000/– से अधिकतम रुपये 35,000/– प्रतिमाह तक। | 58 | 57 | 245.31 | निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना/ सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/ सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| योग :– | | | – | – | – | **4,141.45** | | |

**(रुपये इकतालीस करोड़ इकतालीस लाख पैंतालिस हजार मात्र)**

1879
20/04/26

सरकार के संयुक्त सचिव

# व्यय विवरणी–II

वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" के तहत पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ संचालित स्थायी पशु चिकित्सालयों/औषधालयों तथा एम्बुलेट्री वैन के संचालन/सुदृढ़ीकरण पर होने वाले संभावित व्यय की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | विषय शीर्ष का नाम | प्रस्तावित कार्य की विवरणी | | | | | कुल प्रस्तावित राशि (लाख रुपये में) | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | *कार्य मद* | *प्रति इकाई व्यय (रुपये में)* | *समयावधि (माह)* | *कुल संख्या* | *राशि (लाख रुपये में)* | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 1 | 1301 –कार्यालय व्यय | निदेशालय स्तर | - | - | - | 30.70 | **59.20** | निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना एवं सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | जेनरेटर सेट के परिचालन के लिए (टीकौषधि का कोल्ड चेन संधारण के लिए) | 75,000 | - | 38 | 28.50 | | | |
| | | **योग :–** | - | - | - | **59.20** | | | |
| 2 | 1302 –वाहन का ईंधन एवं रख–रखाव – | पशु चिकित्सालय में पदस्थापित भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के निजी मोटर साईकिल हेतु ईंधन | 750 | 12 | 1188 | 106.92 | **193.92** | निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/ मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/ सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | एम्बुलेट्री वैन के परिचालन एवं रख–रखाव हेतु (वार्षिक) | 1,50,000 | - | 58 | 87.00 | | | |
| | | **योग :–** | - | - | - | **193.92** | | | |
| 3 | 1303 –दूरभाष – | पशु चिकित्सालयों/औषधालयों में पदस्थापित पशु चिकित्सकों के निजी मोबाईल हेतु रिचार्ज कूपन | 200 | 12 | 1188 | 28.51 | **28.51** | सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | **योग :–** | - | - | - | **28.51** | | | |
| 4 | 2101 –सामग्री एवं पूर्तियाँ – | पशु चिकित्सालयों में पशु दवा तथा Hospital Specialties and General Items हेतु (वार्षिक) | 1,00,000 | - | 1227 | 1,227.00 | **1,328.50** | निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/ मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर/ सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | एम्बुलेट्री वैन में पशु दवा तथा Hospital Specialties and General Items हेतु (वार्षिक) | 1,75,000 | - | 58 | 101.50 | | | |
| | | **योग :–** | - | - | - | **1,328.50** | | | |
| 5 | 5201 –मशीने एवं उपस्कर | पशु चिकित्सालयों हेतु मशीने एवं उपस्कर | - | - | - | **122.70** | **122.70** | सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी। | सभी जिला कोषागार, बिहार। |
| | | **कुल राशि –** | - | - | - | - | **1,732.83** | | |

**(रुपये सत्रह करोड़ बत्तीस लाख तिरासी हजार मात्र)**

1879
20/04/26

**सरकार के संयुक्त सचिव**

# व्यय विवरणी–III

वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अन्तर्गत "पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य योजना" के तहत (1) योजनाओं के अनुश्रवण हेतु भाड़े की गाड़ी के उपयोग (2) प्रकाशन एवं मुद्रण (3) कान्फ्रेंस, कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन (4) Vet एवं Para Vet के प्रशिक्षण तथा (5) योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार तथा इंडियन ट्रेड जर्नल में निविदा सूचनाओं के प्रकाशन के विरूद्ध भुगतान (बकाया राशि सहित) पर होने वाले संभावित व्यय की विवरणी :–

(राशि लाख रुपये में)

| क्र0 सं0 | विषय शीर्ष | प्रस्तावित कार्य की विवरणी | कुल प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1310 –भाड़े की गाड़ी का भुगतान | योजनाओं के अनुश्रवण हेतु भाड़े की गाड़ी के उपयोग हेतु। | 30.00 | निदेशक, पशुपालन बिहार। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| 2 | 1601 –प्रकाशन एवं मुद्रण | प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य हेतु। | 55.00 | निदेशक, पशुपालन बिहार/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/ जिला कोषागार, पटना। |
| 3 | 2002 –कान्फ्रेंस, कार्यशाला, सेमिनार | कान्फ्रेंस, कार्यशाला एवं सेमिनार के आयोजन हेतु। | 50.00 | निदेशक, पशुपालन बिहार/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/ जिला कोषागार, पटना। |
| 4 | 2003 –प्रशिक्षण व्यय | Vet/Paravet के प्रशिक्षण हेतु। | 217.62 | निदेशक, पशुपालन बिहार। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| 5 | 2601 –विज्ञापन और प्रकाशन | योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार तथा इंडियन ट्रेड जर्नल में निविदा सूचनाओं के प्रकाशन के विरूद्ध भुगतान (बकाया राशि सहित) हेतु। | 80.00 | निदेशक, पशुपालन बिहार/सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना। | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/जिला कोषागार, पटना। |
| **योग :–** | | | **432.62** | | |

**(रुपये चार करोड़ बत्तीस लाख बासठ हजार मात्र)**

| **व्यय का सारांश :–** | **प्रस्तावित राशि (लाख रुपये में)** |
|---|---|
| व्यय विवरणी – I | 4141.45 |
| व्यय विवरणी – II | 1732.83 |
| व्यय विवरणी – III | 432.62 |
| **कुल योग :–** | **6306.90** |

**(रुपये तिरसठ करोड़ छः लाख नब्बे हजार मात्र)**

1879
20/04/26

**सरकार के संयुक्त सचिव**